# परंपरागत वेशभूषा पहने रोबीलों ने बाइक रैली से दिया मतदान करने का संदेश



बीकानेर में स्वीप गतिविधियों के तहत मूंछदार रोबीलों ने बाइक रैली से मतदान का संदेश दिया।

- 14 नवम्बर तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 10 लाख से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गत एक महीने में 10 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचकर रोबीलों ने बाइक रैली से मतदान करने का संदेश दिया।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और स्वीप प्रभारी नित्या के. ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता की सघन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें 17 साल के भावी मतदाताओं से लेकर शतायु मतदाताओं का योगदान रहा।

उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को चालू हुए अभियान के तहत 14 नवम्बर तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 10 लाख से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। इस दौरान शपथ, रंगोली, दीपदान, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अब तक 2 लाख 25 हजार मतदाताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में मतदान की शपथ ली और अपने परिवारजनों एवं अन्य रिश्तेदारों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, नरेगा और शहरी रोजगार गारंटी योजना कार्यस्थलों पर कार्यक्रम हुए। इनमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि एक दिन वृहद स्तर पर वोटर हेल्पलाइन और सी विजिल ऐप डाउनलोड करवाया गया।

मतदाताओं ने इनके माध्यम से मतदान से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम में 1 लाख 34 हजार 29 लोगों की भागीदारी रही। मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाताओं के साथ बैठकें, चर्चा व संवाद कार्यक्रम हुए। इनमें एक लाख 42 हजार 8 सौ 71 लोग शामिल हुए। दीपावली से दो दिन पहले मतदाताओं की भागीदारी से 1 लाख से ज्यादा दीप प्रज्वलित कर मतदान का संदेश दिया गया।

इसमें 35 हजार लोग शामिल हुए। दीपोत्सव के माध्यम से जगह-जगह स्वीप, वोट, माय वोट, माई राइट, मतदान दिवस 25 नवम्बर जैसे संदेश दीपों के माध्यम से उकेरे गए। पचास हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों की कार्य पुस्तकों और डायरी में मतदान अवश्य करें। मतदान दिवस 25 नवम्बर की मोहर लगाकर विद्यार्थियों के माध्यम से उनके अभिभावकों और रिश्तेदारों को मतदान का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जानकार और जागरूक बनाने हेतु विद्यालय में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें चुनाव प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न उनसे पूछे गए।

इस कार्यक्रम में पूरे जिले के 85 हजार 6 सौ 13 विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान की मेहंदी के माध्यम से 37 हजार 7 सौ 63 मतदाताओं तक शत -प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इस तरह पूरे जिले में मानव श्रृंखला के आयोजन में 78 हजार 3 सौ 78 मतदाताओं, रैलियों और प्रभात फेरियों में 44 हजार 4 सौ 9, दशहरा महोत्सव में 32 हजार 8 सौ 35 एवं अलग-अलग स्थान पर रंगोली के माध्यम से 30 हजार एक सौ 4 मतदाताओं के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया।

26 हजार 6 सौ 72 मतदाताओं को सी-विजिल ऐप डाउनलोड करवाया गया। इस तरह पोस्टर निर्माण, कविता एवं गीत रचना, घर-घर संपर्क, जागरूकता से जुड़े नारों के लेखन वाद विवाद प्रतियोगिता, संदेश, जागरूकता दीवारों, डांडिया महोत्सव, गीत रचना, वोट मैराथन साइकिल रैली, बाइक रैली, फूलों की रंगोली, काव्य पाठ कंपटीशन, सेंड आर्ट जैसे अनेक कार्यक्रमों से दस लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह

**हनुमानगढ़,** (कासं)। स्वयंसेवी संस्था एकता मंच हनुमानगढ़ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह उल्लास के साथ मनाया गया।

शहरी कोलाहल से दूर, शांत-हरे-भरे वातावरण में रेयान कॉलेज परिसर में एकता मंच सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने समारोह का आनंद उठाया। कार्यक्रम का आगाज मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुरू किया गया। एकता मंच अध्यक्ष विनोद दुग्गल, नीलकंठ सेवा समिति अध्यक्ष अश्विनी नारंग, व्यापार मंडल हनुमानगढ़ अध्यक्ष प्यारेलाल बंसल एवं रेयान कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर संतोष राजपुरोहित ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का आगाज किया।

कार्यक्रम में एकता मंच अध्यक्ष विनोद दुगड़, उपाध्यक्ष हेमंत गोयल, पूर्व अध्यक्ष गणेश सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष गुरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष गोयल प्रभारी कार्यक्रम प्रभारी सतीश गोयल, सदस्य राजेन्द्र ग्रोवर, संजीव गोयल, पारस गर्ग, लविश जिंदल, राजेश भूतना, नीलकंठ सेवा समिति के अध्यक्ष अश्विनी नारंग, उपाध्यक्ष रामचंद्र बाघला, उपसचिव चिमनलाल मित्तल, सदस्य वीरेन्द्र गोयल सदस्य सुरेश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल बंसल, गणमान्य नागरिक दिवेश नागपाल उर्फ देबू, अनिल मिश्रा, यशु नारंग, मनीष कौशिक, साहिल दुगड़, सुंदर बंसल, सुरेन्द्र सैनी, सुरेश गोयल आदि मौजूद थे।

# 80 साल के बुजुर्गों व दिव्यांगों ने घर बैठे मतदान किया

- होम वोटिंग का काम 14 से 19 नवम्बर तक चलेगा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में होम वोटिंग का कार्य 14 नवम्बर से शुरू हो गया। एडीएम कपिल यादव ने बताया कि 19 नवम्बर तक यह कार्य चलेगा। इसी तरह हनुमानगढ़ विधानसभा में पहले दिन खूब उत्साह के साथ होम वोटिंग करवाई गई।

हनुमानगढ़ एसडीएम दिव्या चौधरी ने बताया कि हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 151 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। पहले दिन करीब चालीस प्रतिशत मतदाताओं ने होम वोटिंग की। बताया जा रहा है कि हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंद्रह नवम्बर को शत-प्रतिशत होम वोटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्वाचन टीम के अनुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनाव 2023 में होम वोटिंग की पहल की गई है।

इसके तहत मंगलवार को जिले की 5 विधानसभाओं में पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिली। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रूक्मणि रियार ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर चिन्हित 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को होम वोटिंग की जानकारी दी गई।

पहले दिन जिले की 5 विधानसभाओं में पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग सुविधा का लाभ देने के लिये मतदान दल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार पात्र मतदाताओं के घर तक पहुंचे। यहां सभी आवश्यक तैयारियों के बाद निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बूथ बनाकर होम वोटिंग करवाई गई।

इसके तहत हनुमानगढ़ विधानसभा में भाग संख्या 64 की 90 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक सरला ने होम वोटिंग से मतदान करते हुए कहा कि अगर होम वोटिंग की सुविधा नहीं मिलती तो वो कभी वोट नहीं कर पाती। भादरा विधानसभा के गोगामेडी निवासी 85 वर्षीय सूरजमाल सिंह , विधानसभा संगरिया के भाग संख्या 62 निवासी दिव्यांग गौरव शर्मा ने होम वोटिंग सुविधा के जरिये मतदान की गोपनीयता बनाये रखते हुए मतदान किया।

जिले में नोहर विधानसभा में सर्वाधिक 458 मतदाता 80 वर्ष से अधिक उम्र और 112 पीडब्लयूडी सहित 570 मतदाता घर से मतदान करेंगे। इसके अतिरिक्त भादरा विधानसभा से 214 मतदाता 80 वर्ष से अधिक और 67 पीडब्लयूडी मतदाता सहित कुल 281, पीलीबंगा विधानसभा से 163 मतदाता 80 वर्ष से अधिक और 68 पीडब्लयूडी मतदाता सहित कुल 231, हनुमानगढ़ विधानसभा से 113 मतदान 80 वर्ष से अधिक और 38 पीडब्लयूडी मतदाता सहित कुल 151 और संगरिया विधानसभा से 102 मतदान 80 वर्ष से अधिक और 55 पीडब्लयूडी मतदाता सहित कुल 157 लोगों ने वोट डाले। होम वोटिंग का कार्य 14 नवम्बर से शुरू हो गया। एडीएम कपिल यादव ने बताया कि 19 नवम्बर तक यह कार्य चलेगा। मतदाता घर से मतदान करेगें।

## रास आ रही होम वोटिंग प्रक्रिया

**नोहर,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मध्य नजर सत्यनारायण सुथार (एसडीएम) नोहर के नेतृत्व में सेक्टर ऑफिसर एवं मतदान दलों की टीमें होम वोटिंग प्रक्रिया द्वारा सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांगजनों को मतदान करवा रही है जिसका आज दूसरा दिन है। होम वोटिंग प्रक्रिया के लिए कुल 29 टीमें गठित की गई है जिनमें से 10 टीमें आज होम वोटिंग प्रक्रिया पूरी करवाएंगे। इन 10 टीमों के द्वारा कुल 189 मतदाताओं कि होम वोटिंग प्रक्रिया पूरी कार्रवाई जावेगी। इसमें से 153 सीनियर सिटीजन तथा 36 दिव्यांगजन मतदाता है। दिव्यांगजन एवं वृद्ध मतदाता होम वोटिंग प्रक्रिया के संबंध में अपने अनुभव व्यक्त करते हुए बताते हैं कि यह निर्वाचन व्यवस्था में एक सकारात्मक कदम हैं। उनके अनुसार से उन्हें मतदान केंद्र तक जाकर वोट करने में अत्यधिक परेशानी होती थी जिस कारण कई बार वें मतदान करने से वंचित भी रह जाते थे जबकि इस बार निर्वाचन आयोग के होम वोटिंग नवाचार से उन्हें घर बैठे मतदान करने का मौका मिल रहा है। 14 नवंबर से 16 नवंबर तक होम वोटिंग प्रक्रिया द्वारा कुल 570 मतदातों द्वारा घर बैठे मतदान किया जाएगा।

# महिला मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई

- कम मतदान वाले 60 बूथों, ब्लॉक व जिला स्तर पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए रंगोली सजाई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति सजग करने के लिए कई तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुधवार को जिले के कम मतदान वाले 60 बूथों, ब्लॉक व जिला स्तर पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए आधी आबादी -पूरा मतदान विशेष अभियान के तहत रंगोली सजाई।

इससे महिला मतदाताओं को मतदान में भागीदारी बढ़ाने के लिए आव्हान किया गया। जिला स्तर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के पास चौराहे पर रंगोली सजाने का कार्य राजीविका की प्रभारी संजू पूनिया व उनकी टीम की सदस्य कोमल, कांता, जसवीर निर्मला, दर्शना द्वारा किया गया। दीपदान की शुरूआत नोडल अधिकारी स्वीप सुनीता चौधरी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी बबीता, पीडब्लयूडी वोटर पूनम रानी, स्वच्छ भारत मिशन की सुनीता राठौड़ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पीडब्लयूडी वोटर पूनम रानी ने सभी महिलाओं से आगामी 25 नवम्बर को बढ़-चढकर मतदान करने की अपील की गई।

परियोजना प्रबंधन राजीविका वैभव अरोड़ा, उद्योग महाप्रबंधक हरीश मित्तल, सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग विक्रम सिंह, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रवेश सोलंकी, सुपरवाइजर मधु महाजन, रजनी, एपीआरओ राजपाल लंबोरिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संजीव बैरवाल, स्वीप प्रभारी राजेश वर्मा, उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ़ की स्वीप टीम के तरूण कुमार, मधुसूदन, जिला परिषद के सुनील भारद्वाज, पंचायत प्रसार अधिकारी कर्मजीत सिंह, वरिष्ठ सहायक रजनीश सुथार मौजूद थे।

# विकास के दम पर दोबारा से बनेगी कांग्रेस सरकार : मनीषा

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर बुधवार को कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन किया गया। इसके बाद कस्बे के मुख्य बाजार में आम सभा का आयोजन भी किया गया। पालिका अध्यक्ष गीता सैनी की अध्यक्षता में हुई आमसभा में एकजुट होकर पार्टी को बेहतर स्थिति में ले जाने को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मनीषा गुर्जर ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में बेहतर विकास कार्य करवाए गए हैं, जिनके दम पर प्रदेश में दोबारा से कांग्रेस सरकार बनाई जाएगी। एक पार्टी को मजबूत दिशा में ले जाने में कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपने स्थिति को मजबूत करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करें। चुनाव में किसी प्रकार की कोई आपसी मतभेद नहीं होने चाहिए। खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाईचारे की भावनाओं को बढ़ावा दिया जाता है। ऐसे में किसी भी कार्यकर्ता द्वारा ऐसा कोई कार्य ना किया जय की आगामी समय के लिए वैमनस्य से की भावना पैदा हो। पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने कहा कि खेतड़ी में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान खेतड़ी को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है।

## कुल्हाड़ी से किया सिर पर वार

**बीकानेर,** (कासं)। एक जने को शराब पीने के लिए पैसे नहीं देना महंगा पड़ गया। शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए तो आरोपी ने उसको जान से मारने की नियत से उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई है।

मामला श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र का है। जहां आडसर पुरोहितान निवासी मघाराम नायक ने ताराचन्द जाट के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में उसने बताया कि शाम को आरोपी ने उससे शराब पीने के लिए रूपये मांगे। जब उसने रूपये देने से इनकार किया तो आरोपी ने जान से मारने की नियत से उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार से घायल कर दिया।

# लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान का महत्व समझें : डॉ. कृष्णा पूनिया

- कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पूनिया ने जनसभा एवं नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया

**सादुलपुर,** (निसं)। भारत में मतदान का बहुत महत्व है। जो देश के लोकतांत्रिक ढाचे का आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकतंत्र के महापर्व पर 25 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान का महत्व समझते हुए अपने चेहते व मनपंसद उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उसे जिताएं।

यह बात सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने सुलखनिया बडा, सुलखनिया छोटा, मालियों की ढाणी, नोरगपुरा, बूढावास, ठिमाऊ छोटी, ठिमाऊ बडी, डिंगली, थिरपाली छोटी, थिरपाली बडी, नूहन्द, बास मामराज, बास गोविन्द सिंह, भरीण्ड, बास किरतान व गुझान क्षेत्र में जनसभाएं एवं नुक्कड सभाओं को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रवासियों से कहीं। डॉ. पूनिया ने कहा कि भारत अपने जीवंत लोकतंत्र के प्रसिद्ध है, जो अपने नागरिकों सक्रिय भागीदारी पर पनपता है। वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करके, नागरिक इन लोकतांत्रिक सिद्धांतों को संरक्षित और मजबूत करने में योगदान देते है। चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, नागरिक यह सुनिश्चित करते है कि उनकी आवाज सुनी जाए और बोलने, अभिव्यक्ति, धर्म और समानता की स्वतंत्रता के उनके अधिकारों की रक्षा की जाएं। इस मौके पर क्षेत्रवासियों की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पूनिया का गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### बाल कविता संग्रह का लोकार्पण


साहित्यकार कमल रंगा ( बीच में ) ने गौरी के बाल कविता संग्रह 'मुझे याद आता है बचपन सुहाना' का लोकार्पण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अदब सराय बीकानेर द्वारा बीकानेर के जाने-माने वरिष्ठ शायर लेखक वली मोहम्मद गौरी रज़्वी 'वली' के पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी एवं साहित्यगार प्रकाशन जयपुर की तरफ से प्रकाशित पहले बाल कविता संग्रह 'मुझे याद आता है बचपन सुहाना' का लोकार्पण समारोह बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय महारानी सुदर्शन आर्ट गैलरी नागरी भण्डार में नगर के साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि कथाकार कमल रंगा ने बाल पुस्तकों के लुप्त होने पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि बच्चों को साहित्य से जोड़ना बहुत ज़रूरी है। इसलिए नगर के प्रत्येक रचनाकार को निरंतर बाल साहित्य की पुस्तक अवश्य लिखनी चाहिए। साथ ही आपने बाल साहित्य के इतिहास पर भी संक्षेप में रोशनी डाली। आज लोकार्पित हुई बाल कविता संग्रह के लेखक वली गौरी ने इस पुस्तक के माध्यम से मूल्यों की शिक्षा दी है, जिससे बाल साहित्य एवं पुस्तक संस्कृति को बल मिलेगा। अदब सराय संस्था की ओर से शायर लेखक वली मोहम्मद गौरी को शॉल, साफा, माल्यार्पण एवं साहित्यिक कृति भेंट करके अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। नागरी भण्डार पाठक मंच, अज़ीज आज़ाद लिटरेरी सोसायटी एवं राष्ट्रीय कवि चौपाल बीकानेर द्वारा भी वली मोहम्मद गौरी को शॉल,माल्यार्पण एवं उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि कथाकार कमल रंगा ने संग्रह के शीर्षकों पर लिखी अपनी भावप्रद कविता वली मोहम्मद गौरी को भेंट की।

### भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क किया

**सादुलपुर,** (निसं)। भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनियां ने मंगलवार को सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान पूर्व विधायक कमला कस्वां व भाजपा की टीम उनके साथ रही। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनियां ने कहा कि सादुलपुर में सुशासन और विकास के रास्ते पर आगे लेके जाना ही उनका लक्ष्य है। ऐसी व्यवस्था जिसमें सबका साथ हो, सबका सम्मान हो और विकास के काम हों, इसके लिये भरपूर प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक कमला कस्वां ने कहा कि सुमित्रा पूनियां युवा और महिला होने के नाते सभी समस्याओं और जिम्मेदारीयों से अवगत है और सादुलपुर क्षेत्र की भरपूर सेवा और विकास कार्य करेगी। हमने विकास की राजनीति को आगे बढाने के लिये बहुत बडा फैसला लिया है। इस अवसर पर उनके साथ पंचायत समिति प्रधान विनोद पूनियां व पूर्व बीडीसी सदस्य राजेश पूनियां सहित अन्य भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### करणी सेना की बैठक आयोजित

**सूरजगढ़,** (निसं)। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए करणी सेना जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह बिजौली के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान युवाओं ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिंतन मनन किया। इस दौरान युवाओं ने कहा कि दोनों पार्टियां चुनाव के समय समाज के लोगों को बहला फुसलाकर वोट बटौर लेती है समाज की जायज मांगों को दरकिनार कर दिया जाता है। उन्होनें बताया कि विधानसभा क्षेत्र में राजपूत समाज के करीब तीस हजार वोट होने के बावजूद भी समाज के युवाओं को सिर्फ आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है जो हमारा दुर्भाग्य है। बैठक के दौरान समाज के युवाओं ने कस्बे में महाराणा प्रताप चौक सहित राजपूत छात्रावास के निर्माण की मांग रखी। जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में युवाओं ने हुंकार भरते हुए कहा अगर हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो समाज की बड़ी बैठक कर समाज हित में बड़ा निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर समाज के लक्ष्मण सिंह, आशीष सिंह तंवर, हीरा सिंह चौराड़ी, रतन सिंह, शेर सिंह, राजु सिंह, मेघ सिंह, समुन्द्र सिंह, भगवान सिंह, जगमाल सिंह सहित समाज के युवा मौजूद रहे।


### वरिष्ठ जनों का सम्मान किया

**चूरू,** (कासं)। चांदनी चौक स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। अग्रवाल समाज के प्रमोद कुमार क्याल ने बताया कि कार्यक्रम में गोपीराम भावसिंहका, राधेश्याम भावसिंहका, सत्यनारायण महनसरिया, मुरलीधर गोयनका, इन्द्रचन्द दूधवेवाला, डॉ. प्रेम प्रकाश गोयल, काशीराम क्याल, महावीर प्रसाद गोटेवाला सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों का माल्र्यापण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में समाज के पार्षद विजय कृष्ण जालान, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के नवनिर्वाचित चूरू जिलाध्यक्ष संतोष महनसरिया व ताराचन्द सर्राफ का अभिनन्दन किया गया। इस दौरान अग्रवाल समाज के बालक-बालिकाओं ने गीत-संगीत, भाषण और भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। क्याल ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक कुरीतियों को त्याग करने का संकल्प लिया गया और कार्यक्रम स्थल पर जागरूकता के स्लोग्न लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश बगड़िया व अजय भालेरीवाला ने संयुक्त रूप से किया।

### पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग

**पाटन,** (निसं)। देश में चौथा स्तंभ कहलाने वाले पत्रकार आज के दौर में स्वयं की समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं। सर्दी, गर्मी, बरसात के समय में भी दिन भर दौड़ धूप कर समाचार एकत्रित करने वाले पत्रकारों को पुलिस टार्चर कर रही है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण


गंगानगर जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ( दाएं ) ने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव चमारखेड़ा में पात्र मतदाता के घर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

- 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता तथा विशेष योग्यजन को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। जिले में बुधवार को दूसरे दिन भी पात्र मतदाताओं ने घर पर मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण भी किया।

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव चमारखेडा में पात्र मतदाता के घर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम कार्यालय में निर्वाचन कार्यों से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा विशेष योग्यजन मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग सुविधा के लिए आवेदन करने वाले मतदाताओं के घर जाकर विशेष मतदान दल पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। पोस्टल बैलेट के माध्यम से 19 नवम्बर तक घर पर ही मतदान करवाया जायेगा। जो मतदाता होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित रहेंगे। उनके लिए 20 और 21 नवम्बर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे। अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं के लिए मतदान की तारीखें 19 से 21 नवम्बर तक तय की गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग सुविधा का लाभ देने के लिये मतदान दल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में निधारित रूट चार्ट के अनुसार पात्र मतदाताओं के घर तक पहुंचे। यहां सभी तैयारियों के बाद निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बूथ बनाकर होम वोटिंग करवाई गई।

# पर्यवेक्षक ने फीडबैक लेकर कार्यकर्ताओं को जीत के गुर बताये

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक टहलसिंह संधू और किसान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर सतपाल सिंह सिद्धू ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक आहुत कर कांग्रेस प्रत्याशी अंकुर मगलानी के चुनाव प्रचार को और तेज करने की रणनीति तैयार की।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव टहलसिंह संधू को एआईसीसी ने श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वे 25 नवम्बर को मतदान होने के दिन तक यहीं पर रहेंगे।

बैठक में प्रत्याशी अंकुर मगलानी उपस्थित थे। जिला संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, महामंत्री भीमराज, डॉ. बी. वरिष्ठ महिला नेत्री एवं पार्षद कमला बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नमिता सेठी, पार्षद प्रेम नायक, पार्षद कृष्ण सियाग, पूर्व पार्षद माडचंद असवाल, सोहन लाल नायक, कश्मीरी लाल इंदौरा, पूर्व सरपंच किरण कुमार जग्गा, दीपक कांडा, डॉ. के. के. गिल्होत्रा, पूर्व सरपंच अर्जुन राजपाल, पार्षद प्रदीप चौधरी, डॉ. कश्मीरी लाल कथूरिया, रमेश मक्कड़, जोगिंदर बजाज, मीनू मिगलानी, प्रियंका शर्मा, वीना इंदौरा, इंटक नेता हरनेक सिंह चंदी, अमित चावला, हरीश मेहंदीरत्ता, पूर्व पार्षद धर्मपाल झोरड़ आदि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अब तक चले चुनाव प्रचार के बारे में फीडबैक दिया।


गंगानगर में ए.आई.सी.सी. पर्यवेक्षक टहलसिंह संधू ( खड़े ) ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

पर्यवेक्षक ने सभी सुझावों और विचारों को नोट किया। उन्होंने भी चुनाव संचालन और प्रबंधन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।